Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide reservation to Marariya caste of Muslim community in Bihar.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर): बिहार राज्य में मुस्लिम समुदाय के मड़रिया जाति अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज का अत्यन्त ही पिछड़ा हुआ जाति वर्ग है। इस जाति को अभी तक किसी भी सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है, इसका मुख्य कारण बिहार राज्य की जाति की अनुसूची-1 में मड़रिया जाति को शामिल नहीं किया जाना है। आर्थिक तथा सामाजिक रूप से पिछड़ी मड़रिया जाति बिहार राज्य में उपेक्षित ही रही है। इस जाति के लोगों को रोजगार आदि का अवसर भी प्राप्त नहीं हो पाता है जबकि अल्पसंख्यक मुस्लिम की कई जातियां बिहार राज्य के जाति की अनुसूची-1 में सम्मिलित हैं उन सभी जाति वर्ग को सरकारी योजनाओं सहित नौकरी आदि में आरक्षण का लाभ दिया जा रही है और समान आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थिति में जीवन-यापन करने को मजबूर हो रहे मड़रिया मुस्लिम को समान अवसर देने के लिए बिहार राज्य सरकार द्वारा कोई भी सकारात्मक कदम नहीं उठाया है तथा न ही कोई सर्वेक्षण कराया गया है जिससे मड़रिया मुस्लिम के वर्तमान दयनीय स्थिति का वास्तविक आकलन कर उनकी स्थिति में सुधार लाया जा सके।

अतः भारत सरकार से मेरा अनुरोध है कि बिहार राज्य में मुस्लिम समुदाय के मड़रिया जाति के जीवन स्तर में सुधार करने के लिए बिहार राज्य सरकार के जाति के अनुसूची-1 में शामिल करने के लिए बिहार राज्य सरकार को निदेशित करने का कार्य करे जिससे अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के मड़रिया जाति के जीवन स्तर में सुधार हो सके।